प्रादेषिक समाचार

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक 30.03.2024 समय 18.30

- राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नाम वापसी के बाद 12 सीटों पर 114 प्रत्याशी मैदान में–सबसे ज्यादा 15 उम्मीदवार जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में और सबसे कम चार प्रत्याशी करौली–धौलपुर सीट पर।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पी वी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह, एम एस स्वामीनाथन और कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया।

- राजस्थान के 75 वें स्थापना दिवस पर प्रदेशभर मे धूमधाम से कार्यक्रमों का आयोजन।

- मौसम विभाग ने आज जयपुर, जोधपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के 11 जिलों में तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की चेतावनी दी।

00000

राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 12 सीटों पर 114 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आज सीकर और दौसा लोकसभा क्षेत्रों से 2–2 तथा जयपुर, अलवर और नागौर क्षेत्रों से 1–1 प्रत्याशी ने नामांकन पत्र वापस ले लिए। श्री गुप्ता ने बताया कि नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद सबसे अधिक 15 प्रत्याशी जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में चुनाव मैदान में हैं। सबसे कम 4 प्रत्याशी करौली, धौलपुर सीट पर भाग्य आजमा रहे हैं। निर्वाचन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सीकर में 14 प्रत्याशी मैदान में रह गये हैं। इसी तरह जयपुर और चूरू में 13–13, गंगानगर, बीकानेर अलवर और नागौर में 9–9, झुंझुनूं में 8, भरतपुर में 6 और दौसा में 5 उम्मीदवार मैदान में हैं। पहले चरण में इन 12 निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

0000

राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नामांकन भरने की प्रकिया जारी है। आज कोटा से कांग्रेस के प्रहलाद गुंजल ने अपना नामांकन भरा। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर संसदीय सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। उदयपुर से कांग्रेस के ताराचंद मीणा ने भी आज अपना नाम जदगी का पर्चा भरा। दूसरे चरण में 4 अप्रैल तक नामांकन पत्र भरे जा सकते है, 5 अप्रैल को इनकी जांच होगी और उम्मीदवार 8 अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं।

0000

राज्य के जिलों में प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में मुस्तैदी से जुटे हैं। सांचौर में आज जिला मजिस्ट्रेट शक्ति सिंह राठौड़ और जिला पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने रानीवाड़ा पंचायत समिति की दईपुर, गांग, हीरपुरा ग्राम पंचायत और सरनाऊ पंचायत समिति के नारायणपुरा स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिला मजिस्ट्रेट ने बूथ लेवल अधिकारियों से मतदान केन्द्रों पर निर्बाध बिजली, मतदाताओं के लिये पेयजल, छाया, शौचालय और दिव्यांग वोटर्स के लिए रैम्प की व्यवस्था कर जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा मतदान केंद्रों कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। बाड़मेर लोक सभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक सतीश वी मेनन ने आज एकीकृत नियंत्रण कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया, नियंत्रण कक्ष, सी–विजिल और एमसीएमसी प्रकोष्ठ की विभिन्न गतिविधियों का जायज़ा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। हनुमानगढ में आज गंगानगर और चूरू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में शामिल इलाकों के मतदान दलों का दूसरा रेंडमाइजेशन हुआ। जिला कलेक्ट्रेट में सामान्य पर्यवेक्षक मनोज कुमार की मौजूदगी में विधानसभावार कार्यकारी मतदान दलों, आरक्षित मतदान दलों, महिला मतदान केंद्र, युवा मतदान केंद्र दलों और माइक्रो ऑब्जर्वर का निर्धारण किया गया। इस प्रक्रिया में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चूरू के सामान्य पर्यवेक्षक कौस्तुभ दिवेगांवकर सी. भी जुड़े।

0000

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से प्रदेश में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस कड़ी में सांचोर में महिलाओं ने फाग की धुन पर मतदाता जागरूकता गीत के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

.......

जालोर जिले के भीनमाल, तवाव, लूणावास, राह सहित कई ग्राम पंचायतों में लोक नृत्य और लोकगीतों के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया गया।

0000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140—52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। आज का संदेश रियांबड़ी नागौर के श्रोता ने भेजा है ।

0000

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव घोषणा—पत्र समिति का गठन किया है। पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज यह घोषणा करते हुए कहा कि 27 सदस्यीय समिति के अध्यक्ष पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह होंगे।

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन और बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। अलंकरण समारोह के दौरान, पुरस्कार विजेताओं के परिवारजनों ने पुरस्कार प्राप्त किए। अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

00000

राजस्थान आज अपना 75वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, राजस्थान अपनी गौरवशाली परंपराओं, आतिथ्य और इंद्रधनुषी संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के लोगों ने दुनिया भर में अपनी उद्यमशीलता की पहचान बनाई है। राष्ट्रपति ने कामना की कि राजस्थान के लोग अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखते हुए देश की प्रगति में अमूल्य योगदान देते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि ऊर्जा और उत्साह से भरे राजस्थान के लोग राज्य के लिए नई गौरव गाथा लिखने में जुटे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में राजस्थान की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होने वाली है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में कई आयोजन हो रहे हैं। बूंदी में सुख महल में लोक कलाकारों ने घूमर और कालबेलिया नृत्य पेश किये। करौली और भीलवाड़ा जिला मुख्यालयों पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर सवाईमाधेपुर में जिला प्रशासन की ओर से निकाली गयी मतदाता जागरुकता रैली में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मतदान का संदेश दिया गया। झुंझुनूं में आज राजस्थान दिवस पर कई आयोजन किए गए। राजकीय राधेश्याम मोरारका पीजी महाविद्यालय में केन्द्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से लोक नृत्यों की प्रतियोगिता रखी गयी। इस प्रतियोगिता में झुंझुनूं के अलावा चिड़ावा, नवलगढ़, सूरजगढ़, खेतड़ी और अन्य जगहों से स्कूल और कॉलेज छात्र छात्राओं ने घूमर, चिरमी, कालबेलिया, कच्छी घोड़ी नृत्य और गीत प्रस्तुत किये। भरतपुर में राजस्थान दिवस धूमधाम से मनाया गया।

........

श्री गंगानगर में राजस्थान स्थापना दिवस पर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक करने के वास्ते रंगोली सजाई गई। झालावाड में प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से गागरोन किला, गढ़ भवन, खेल संकुल और झालरापाटन के प्रसिद्ध सूर्यमंदिर और द्वारकाधिश मन्दिर प्रांगण में मंडावर के प्रसिद्द कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा लोगो से अधिकाधिक मतदान की अपील के साथ रैली भी निकाली गई। हनुमानगढ़ में पर्यटन विभाग की ओर से सेंट्रल पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरुक किया जाएगा। जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज सांस्कृतिक संध्या होगी। इसमें प्रदेश के कई अंचलों के कलाकार लोक गीतों के साथ लोक नृत्यों की प्रस्तुति देंगे।

00000

राज्य में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश से तापमान में कमी आई है, इससे लोगों को गर्मी से थोडी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार मनिया, बाड़ी, कोटा, रायसिंहनगर, श्रीगंगानगर, अनूपगढ, करणपुर, सादुलशहर, संगरिया और आस—पास के इलाकों में हल्की बरसात या बूंदाबांदी हुई है। राजधानी जयपुर में दिन का पारा गिरकर 38 डिग्री से नीचे आ गया। इस बीच मौसम विभाग ने आज जयपुर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग के 11 जिलों में तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। साथ ही इन जिलों में हल्की वर्षा होने की संभावना भी है। अगले सप्ताह तक राज्य में एक और नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की उम्मीद है।

00000